भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

विज्ञापन सं. 4A/ 2009-10 **तार का पता : ''सर्वबोर्ड'' मुंबई**

(यह विज्ञापन और आवेदन फार्म भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट, www.rbi.org.in से प्राप्त किया जा सकता है।)

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं/बैंक) में **संविदा के आधार पर** निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों, नेपाल और भूटान की प्रजा, तिब्बती शरणार्थी (1 जनवरी 1962 से पहले भारत में आए हुए) और म्यांमार और श्रीलंका से भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से आए भारतीय मूल के व्यक्तियों जिनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाणपत्र हो, से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

क्र. सं.	पद	रिक्तियों की संख्या				
		अनारक्षित (अना.) अर्थात सामान्य (सामा)	अनुसूचित जाति (अजा)	अनुसूचित जनजाति (अजजा)	अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव)	कुल
1.	मीडिया संपर्क निदेशक	1	-	-	-	1
2.	मीडिया प्रबंधक (संपादन कौशल सहित)	1	-	-	-	1
3.	मीडिया प्रबंधक (वेब कौशल सहित)	1	-	-	-	1

उपर्युक्त पदों की पहचान शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिए उपयुक्त पद के रूप में नहीं की गई है।

परिभाषाएं :

(i) विज्ञापन में उल्लिखित नियम एवं शर्तों के उद्देश्य से पहली पार्टी का अर्थ भारतीय रिज़र्व बैंक होगा।

(ii) दूसरी पार्टी का अर्थ सीमित अवधि की संविदा पर मीडिया संपर्क निदेशक / मीडिया प्रबंधक होगा।

1. मीडिया संपर्क निदेशक - स्तर 5

क कार्य संबंधी अपेक्षाएं:

- बाहरी लोगों से संप्रेषण तथा बैंक के प्रकाशनों को प्रभावशाली संप्रेषण में बदलना ताकि संप्रेषण क्षेत्र विस्तृत हो सके; बाहरी लोगों के समक्ष बैंक की प्रतिक्रिया को उचित रूप से तुरंत अभिव्यक्त करना।
- पदभारी को मीडिया से निकट संपर्क रखना होगा तथा पहली पार्टी के संप्रेषण संबंधी संपूर्ण कार्य जैसे प्रैस सम्मेलनों, साक्षात्कारों की व्यवस्था आदि करने होंगे। पदधारी को वित्तीय शिक्षण संबंधी कार्यों में भी सहायता करनी होगी।
- पठन, लेखन, संपादन, प्रिंटिंग, प्रकाशन, वेबसाइट प्रबंधन तथा समय-समय पर पहली पार्टी द्वारा सौंपे गए ऐसे ही अन्य कार्य।
- स्वयं पहल करना जिससे कार्य बन सकें।
- ब्योरों, विश्लेषणों पर ध्यान देना तथा समस्या के समाधान का कौशल।
- क्रास फंक्शनल टीमों के बीच प्रभावशाली तरीके से काम करना।

ख पात्रता मानदंड

(क) शैक्षणिक अर्हताएं: (दिनांक 01.12.2009 को)

- अधिमानतः अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी की कम से कम स्नातकोत्तर डिग्री सहित अधिमानतः प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से संबद्ध/मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थान से पत्रकारिता अथवा मास कम्युनिकेशन अथवा जनसंपर्क में एक वर्षीय डिग्री या डिप्लोमा।

(ख)अनुभव: (दिनांक (01.12.2009 को)

- बैंक तथा वित्तीय संस्थाओं में कार्य करने की पृष्ठभूमि सहित पत्रकारिता/मीडिया में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव। आर्थिक/वित्तीय रिपोर्टिंग अथवा जनसंपर्क में अनुभव को वरीयता दी जाएगी।

(ग) आयु:

- 32 से 40 वर्ष बीच (दिनांक 01.12.2009 को)। किसी भी वर्ग को कोई छूट नहीं।

ग प्रतिपूर्ति पैकेज:

पहली पार्टी द्वारा दूसरी पार्टी को संविदा के प्रथम वर्ष में 21.50 लाख रुपए प्रतिवर्ष (अधिकतम), दूसरे वर्ष के दौरान 22.50 लाख रुपए प्रतिवर्ष (अधिकतम) तथा तीसरे वर्ष में 23.50 लाख रुपए प्रतिवर्ष (अधिकतम) के समग्र प्रतिपूर्ति पैकेज का प्रस्ताव दिया जाएगा जिसमें 3.00 लाख रुपए (अधिकतम) परिवर्ती वेतन तथा 18.50 से 20.50 लाख रुपए निर्धारित वेतन तथा 03 वर्ष की संविदा अवधि के लिए भत्ते शामिल होंगे।

i) **निर्धारित वेतन:**

(क) मूल वेतन, वाहन तथा आवास भत्ते सहित मासिक प्रतिपूर्ति का भुगतान इन घटकों के लिए वार्षिक पैकेज के आधार निम्नानुसार किया जाएगा:

घटक	प्रतिवर्ष कुल राशि (रुपए में)		
	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष
मूल वेतन	5,00,000	6,00,000	7,00,000
वाहन भत्ता	1,00,000	1,00,000	1,00,000
आवास भत्ता	12,00,000	12,00,000	12,00,000
वार्षिक परिलब्धियां	**18,00,000**	**19,00,000**	**20,00,000**

(ख) वार्षिक प्रतिपूर्ति / भत्ते

घटक	राशि (रुपए)
एलएफसी	50,000
वार्षिक भत्ता	**50,000**

(ग)निर्धारित वार्षिक प्रतिपूर्ति [i (क) + i (ख)]:

निर्धारित वार्षिक प्रतिपूर्ति	राशि (रुपए)		
	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष
वार्षिक परिलब्धियां	18,00,000	19,00,000	20,00,000
वार्षिक भत्ते	50,000	50,000	50,000
कुल	**18,50,000**	**19,50,000**	**20,50,000**

यदि 3 वर्ष की संविदा अवधि को बढ़ाने (अधिकतम अवधि 5 वर्ष से कम) का निर्णय लिया जाता है तो विस्तारित अवधि के लिए पारिश्रमिक उपर्युक्त सारणी में दिए गए तृतीय वर्ष के लिए निर्धारित पारिश्रमिक से समानुपातिक आधार पर दिया जाएगा।

(घ)चिकित्सा लाभ

दूसरी पार्टी बैंक के ग्रेड 'ई' अधिकारी के लिए उपलब्ध सभी चिकित्सा लाभों अर्थात प्राइवेट उपचार के लिए घोषणा के आधार पर 3,500/- रुपए प्रतिवर्ष तथा बैंक में ग्रेड 'ई' अधिकारी के लिए लागू अनुसूची के अनुसार स्वयं एवं आश्रितों के उपचार/अस्पताल में भर्ती होने से संबंधित बिलों के निपटान के लिए पात्र होगी।

ii) **परिवर्ती वेतन:**

इसके अतिरिक्त दूसरी पार्टी शून्य से अधिकतम 3.00 लाख रुपए प्रतिवर्ष तक परिवर्ती वेतन के लिए भी पात्र होगी। परिवर्ती वेतन का भुगतान वर्ष के अंत में दूसरी पार्टी के कार्य निष्पादन के मूल्यांकन पर आधारित होगा तथा यह दूसरी पार्टी द्वारा प्राप्त कार्य निष्पादन स्तर के आधार पर परिवर्तित होगा। यदि कोई भी पार्टी प्रासंगिक वर्ष के पूरा होने से पहले संविदा समाप्त करती है तो परिवर्ती वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा। यदि 3 वर्ष की संविदा अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया जाता है तो विस्तारित अवधि के लिए 3.00 लाख रुपए परिवर्ती वेतन का भुगतान समानुपातिक आधार पर किया जाएगा। बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित अन्य ब्यौरों के संबंध में दूसरी पार्टी को शीघ्र ही बताया जाएगा।

2. मीडिया प्रबंधक - संपादन कौशल सहित - स्तर 3

क. कार्य संबंधी अपेक्षाएं:

- प्रकाशन को संप्रेषण के एक साधन के रूप में प्रयोग करते हुए विशेष रूप से वित्तीय जागरुकता का प्रसार करने के उद्देश्य से प्रकाशित पहली पार्टी के प्रकाशनों के लेखन, संपादन, प्रिंटिंग, तथा प्रकाशन के प्राथमिक उत्तरदायित्व सहित संप्रेषण के संपूर्ण कार्य में सहायता करना।
- प्रैस सम्मेलनों, साक्षात्कारों आदि की व्यवस्था करना।
- लेखन तथा संपादन के लिए रूझान।
- पठन, लेखन, संपादन, प्रिंटिंग, प्रकाशन, वेबसाइट प्रबंधन तथा समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपे गए ऐसे ही अन्य कार्य।
- स्वयं पहल करना जिससे कार्य बन सकें।
- ब्योरों, विश्लेषणों पर ध्यान देना तथा समस्या के समाधान का कौशल।
- क्रास फंक्शनल टीमों के बीच प्रभावशाली तरीके से काम करना।

ख. पात्रता मानदंड

(क) शैक्षणिक अर्हताएं: (दिनांक 01.12.2009 को)

न्यूनतम स्नातकोत्तर डिग्री अधिमानतः अर्थशास्त्र अथवा अंग्रेजी में

(ख)अनुभव: (दिनांक 01.12.2009 को)

तकनीकी अधिमानतः अर्थशास्त्र/बैंकिंग/वित्त संबंधी सामग्री के लेखन तथा/अथवा संपादन में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव

(ग) आयु:

26 से 35 वर्ष के बीच (दिनांक 01.12.2009 को)। किसी भी वर्ग को कोई छूट नहीं।

3. वेब कौशल सहित मीडिया प्रबंधक - स्तर 3

क. कार्य संबंधी अपेक्षाएं:

- इंटरनेट, मोबाइल तथा अन्य माध्यमों की गहरी समझ।
- वेबसाइट की संपूर्ण सामग्री की व्यवस्था के लिए भारिबैं के तकनीकी भागीदार से परस्पर बातचीत करना। वेबसाइट सामग्री को अद्यतन किए जाने की प्रगति तथा वेबसाइट अपग्रेडेशन विकास परियोजनाओं की निगरानी।
- आंतरिक टीमों से परस्पर बातचीत करना तथा वेबसाइट सामग्री संबंधी अपेक्षाएं समझना और उन्हें वेबमास्टर को अंतरित करना।
- वेबसाइट पर सामग्री को समय पर तथा सफलतापूर्वक अद्यतन करने का उत्तरदायित्व।
- ऐसे क्षेत्र जहां सुधार तथा विकास की आवश्यकता है की पहचान के लिए उचित विश्लेषण करना तथा प्रतिस्पर्धात्मक परिदृश्य की निगरानी।
- पठन, लेखन, संपादन, प्रिंटिंग, प्रकाशन, वेबसाइट प्रबंधन तथा समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपे गए ऐसे ही अन्य कार्य।
- स्वयं पहल करना जिससे कार्य बन सकें।
- ब्योरों, विश्लेषणों पर ध्यान देना तथा समस्या के समाधान का कौशल।
- क्रास फंक्शनल टीमों के बीच प्रभावशाली तरीके से काम करना।
- वेबसाइट को संप्रेषण के एक साधन के रूप में प्रयोग करने के प्राथमिक दायित्व सहित संप्रेषण के संपूर्ण कार्य में सहायता करना।
- प्रैस सम्मेलनों, साक्षात्कारों आदि की व्यवस्था करना।

ख. पात्रता मानदंड:

(क) शैक्षणिक अर्हताएं: (दिनांक 01.12.2009 को)

किसी भी शाखा में स्नातक तथा अधिमानतः प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से संबद्ध/मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थान से वेब डिजाइनिंग तथा डॉट नेट में कम से कम एक वर्षीय प्रमाणपत्र/डिप्लोमा।

(ख)अनुभव: (दिनांक 01.12.2009 को)

वेबसाइट प्रबंधन तथा डॉट नेट एवं संबंधित तकनीकों में कौशल प्रयोग में कम से कम 2 वर्ष का कार्य अनुभव।

(ग) आयु:

26 से 35 वर्ष के बीच (दिनांक 01.12.2009 को) किसी भी वर्ग को कोई छूट नहीं।

ग. क्रम सं. 2 तथा 3 पर स्थित पदों के लिए एक समान प्रतिपूर्ति पैकेज

पहली पार्टी द्वारा दूसरी पार्टी को संविदा के प्रथम वर्ष में 5.50 लाख रुपए प्रतिवर्ष (अधिकतम), दूसरे वर्ष के दौरान 6.00 लाख रुपए प्रतिवर्ष (अधिकतम) तथा तीसरे वर्ष में 6.50 लाख रुपए प्रतिवर्ष (अधिकतम) के समग्र प्रतिपूर्ति पैकेज का प्रस्ताव दिया जाएगा जिसमें 1.00 लाख रुपए (अधिकतम) परिवर्ती वेतन तथा 4.50 से 5.50 लाख रुपए निर्धारित वेतन तथा 03 वर्ष की संविदा अवधि के लिए भत्ते शामिल होंगे।

i) **निर्धारित वेतन:**

(क) मूल वेतन, वाहन तथा आवास भत्ते सहित मासिक प्रतिपूर्ति का भुगतान इन घटकों के लिए वार्षिक पैकेज के आधार निम्नानुसार किया जाएगा:

घटक	प्रतिवर्ष कुल राशि (रुपए में)		
	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष
मूल वेतन	3,00,000	3,50,000	4,00,000
वाहन भत्ता	45,000	45,000	45,000
आवास भत्ता	75,000	75,000	75,000
वार्षिक परिलब्धियां	**4,20,000**	**4,70,000**	**5,20,000**

(ख)वार्षिक प्रतिपूर्ति/भत्ते:

घटक	राशि रुपए
एलएफसी	30,000
वार्षिक भत्ता	**30,000**

(ग) निर्धारित वार्षिक प्रतिपूर्ति [i (क) + i (ख)]:

निर्धारित वार्षिक प्रतिपूर्ति	राशि (रुपए)		
	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष
वार्षिक परिलब्धियां	4,20,000	4,70,000	5,20,000
वार्षिक भत्ते	30,000	30,000	30,000
कुल	**4,50,000**	**5,00,000**	**5,50,000**

यदि 3 वर्ष की संविदा अवधि को बढ़ाने (अधिकतम अवधि 5 वर्ष से कम) का निर्णय लिया जाता है तो

Continued on next page...

...continued from previous page

विस्तारित अवधि के लिए पारिश्रमिक उपर्युक्त सारणी में दिए गए तृतीय वर्ष के लिए निर्धारित पारिश्रमिक से समानुपातिक आधार पर दिया जाएगा।

(घ) चिकित्सा लाभः

दूसरी पार्टी बैंक के ग्रेड 'सी' अधिकारी के लिए उपलब्ध सभी चिकित्सा लाभों अर्थात प्राइवेट उपचार के लिए घोषणा के आधार पर 2,500/- रुपए प्रतिवर्ष तथा बैंक में ग्रेड 'सी' अधिकारी के लिए लागू अनुसूची के अनुसार स्वयं एवं आश्रितों के उपचार/अस्पताल में भर्ती होने से संबंधित बिलों के निपटान के लिए पात्र होगी।

ii) **परिवर्ती वेतनः**

इसके अतिरिक्त दूसरी पार्टी शून्य से अधिकतम 1.00 लाख रुपए प्रतिवर्ष तक परिवर्ती वेतन के लिए भी पात्र होगी। परिवर्ती वेतन का भुगतान वर्ष के अंत में दूसरी पार्टी के कार्य निष्पादन के मूल्यांकन पर आधारित होगा तथा यह दूसरी पार्टी द्वारा प्राप्त कार्य निष्पादन स्तर के आधार पर परिवर्तित होगा। यदि कोई भी पार्टी प्रासंगिक वर्ष के पूरा होने से पहले संविदा समाप्त करती है तो परिवर्ती वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा। यदि 3 वर्ष की संविदा अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया जाता है तो विस्तारित अवधि के लिए 1.00 लाख रुपए परिवर्ती वेतन का भुगतान समानुपातिक आधार पर किया जाएगा। बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित अन्य ब्यौरों के संबंध में दूसरी पार्टी को शीघ्र ही बताया जाएगा।

सभी पदों के लिए एक समान

4. चयन योजना-

चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के द्वारा किया जाएगा। लिखित परीक्षा में 2 घंटे का 300 अंकों के लिए एक प्रश्न पत्र होगा। लिखित परीक्षा के बाद साक्षात्कार होगा। लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार की तारीख, समय तथा स्थान की सूचना उम्मीदवार/उम्मीदवारों को शीघ्र ही दी जाएगी। अंतिम रूप से चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर किया जाएगा।

5. लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम

सार लेखन, प्रैस रिलीज का ड्राफ्ट तैयार करना, लघु टिप्पण आदि

6. उपर्युक्त तीन पदों के लिए संविदा नियुक्ति के संयुक्त नियम एवं शर्तें

(i) **अवधिः**

पहली पार्टी के साथ दूसरी पार्टी की संविदा अवधि रिपोर्टिंग की तारीख से 3 वर्ष होगी।

(ii) **कार्य संबंधी उत्तरदायित्वः**

दूसरी पार्टी पहली पार्टी द्वारा समय-समय पर सौंपें गए सभी कार्य करेगी तथा पहली पार्टी को अधिकार है कि वह अपने विवेकानुसार इनमें परिवर्तन कर सके। चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात तथा स्थानांतरित किया जा सकता है।

(iii) **छुट्टीः**

दूसरी पार्टी प्रति कैलेंडर वर्ष में 15 दिन की छुट्टी के लिए पात्र होगी (एक वर्ष से परे किसी भी अवधि खंड के लिए छुट्टियों की गणना समानुपातिक आधार पर की जाएगी)। उपर्युक्त अवधि से अधिक अनुपस्थिति को बिना वेतन छुट्टी माना जाएगा।

(iv) **आवासः**

दूसरी पार्टी को अपने रहने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी तथा उसे आवास सुविधा प्रदान करना पहली पार्टी के लिए बाध्यकारी नहीं होगा। यदि दूसरी पार्टी पहली पार्टी द्वारा दी गई आवास सुविधा को स्वीकार करती है तो दूसरी पार्टी को संबंधित पद के लिए लागू **प्रतिपूर्ति पैकेज** में उल्लिखित आवास भत्ते का त्याग करना होगा।

(v) **अधिवर्षिता लाभः**

दूसरी पार्टी संविदा अवधि के दौरान प्रदान की गई सेवाओं के संबंध में किसी अधिवर्षिता/सेवा समाप्ति लाभ के लिए पात्र नहीं होगी।

(vi) **अन्य सुविधाएंः**

दूसरी पार्टी संविदा अवधि के दौरान पहली पार्टी की लाउंज सुविधा तथा अपने चिकित्सकीय उपचार के लिए औषधालय सुविधा का उपयोग करने के लिए पात्र होगी। अन्य कोई भी सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी।

(vii) **वरिष्ठताः**

संविदा आधार पर नियुक्त लोगों के बीच दूसरी पार्टी की कोई वरिष्ठता नहीं होगी।

(viii) **आचरण और अनुशासनः**

दूसरी पार्टी को दिनांक 21 जनवरी 2009 को संपन्न निदेशकों के केंद्रीय बोर्ड की समिति की बैठक में प्रस्तुत दिनांक 09 जनवरी 2009 के ज्ञापन के परिशिष्ट में दी गई आचार संहिता तथा अनुशासन नियमों द्वारा अधिशासित होने के लिए सहमत होना होगा।

(ix) **संविदा का समापनः**

क. संविदा अवधि के दौरान किसी भी पार्टी को उचित कारण से कम से कम एक माह का पूर्व नोटिस अथवा इसके बदले में एक माह का वेतन देकर संविदा समाप्त करने का अधिकार है। परंतु दूसरी पार्टी द्वारा सहमत आचार संहिता तथा अनुशासन नियमों में विनिर्दिष्ट कदाचार के कारण सेवा समाप्त किए जाने पर पहली पार्टी द्वारा ऐसा नोटिस अथवा इसके बदले में वेतन दिया जाना आवश्यक नहीं होगा। यह सेवा समाप्ति उपर्युक्त अनुच्छेद (viii) में उल्लिखित आचार संहिता तथा अनुशासन नियमों के अंतर्गत इस उद्देश्य से निर्धारित की गई जांच में रिकार्ड किए गए संतोषजनक साक्ष्य द्वारा प्रमाणित होगी।

ख. उपर्युक्त खंड (क) में सहमत शर्तों के होते हुए भी संविदा अवधि की समाप्ति पर पहली पार्टी के पास संविदा नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाएगी। पहली पार्टी पर इस समाप्ति के संबंध में औपचारिक आदेश जारी करने अथवा अपनी ओर से कोई पूर्व नोटिस देने का दायित्व नहीं होगा। दूसरी पार्टी को सहमत होना होगा कि संविदा को समाप्त किए जाने अथवा इसके व्यपगमन पर कोई प्रतिपूर्ति देय नहीं होगी।

(x) **संविदा का नवीकरणः**

पहली पार्टी की जरुरत तथा दूसरी पार्टी के कार्य निष्पादन एवं उपयुक्तता के आधार पर 3 वर्ष की संविदा अवधि पूर्ण होने पर अधिकतम 2 वर्ष से कम अवधि (अर्थात संविदा आधार पर प्रारंभिक नियुक्ति विस्तारित अवधि सहित 5 वर्ष से कम होनी चाहिए) के लिए संविदा का नवीकरण किया जा सकता है।

(xi) **पहली पार्टी में नियुक्तिः**

पहली पार्टी में नियमित नियुक्ति के लिए दूसरी पार्टी को कोई अधिकार नहीं होगा। तथापि वह नियुक्ति के लिए अन्य उम्मीदवारों पर लागू निर्धारित नियम व शर्तों के अनुसार तथा इनके अधीन परीक्षा में उपस्थित हो सकती है तथा प्रतिस्पर्धा कर सकती है।

(xii) **गोपनीयता**

दूसरी पार्टी सामान्य रूप से हस्ताक्षर की जाने वाली गोपनीयता की घोषणा पर हस्ताक्षर करेगी।

(xiii) **बैंक के हितों की रक्षा के लिए वचन पत्र**

दूसरी पार्टी पहली पार्टी के हितों की रक्षा के लिए वचन पत्र पर हस्ताक्षर करेगी।

7. **आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय)ः** प्रत्येक आवेदन के लिए **100/- रुपये (एक सौ रुपये मात्र)**। अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। शुल्क का भुगतान केवल मुंबई में देय तथा **भारतीय रिज़र्व बैंक** के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट से किया जाए। तथापि, जिन स्थानों पर बैंक नहीं है उन स्थानों के उम्मीदवार शुल्क का भुगतान **भारतीय रिज़र्व बैंक** के पक्ष में आहरित तथा **प्रधान डाकघर, मुंबई** में देय रेखांकित भारतीय पोस्टल आर्डर के माध्यम से कर सकते हैं। उम्मीदवार अपना नाम और पता डिमांड ड्राफ्ट के दूसरी तरफ और पोस्टल आर्डर में इस उद्देश्य से दिए गए स्थान पर लिखें (यदि शुल्क का भुगतान किया जाना है) और इसे आवेदन पत्र में पिन (स्टेपल न करें) की सहायता से संलग्न करें। उचित आवेदन-पत्र के साथ नहीं भेजे गये गए शुल्क अथवा किसी अन्य तरीके से किया गया भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार शुल्क का भुगतान किये जाने पर उसे किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा।

8. **सामान्य नियम/अनुदेशः (सभी पदों के लिए)**

i) यदि उम्मीदवार एक से अधिक पदों के लिए पात्र है और एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है तो उसे अपेक्षित शुल्क के साथ प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन करना चाहिए। एक से अधिक पदों के लिए एक आवेदन-पत्र अवैध माना जाएगा और अस्वीकृत किया जाएगा।

ii) संबंधित पद के लिए आवेदन-पत्र का प्रारूप इस विज्ञापन के अंत में दिया गया है। उम्मीदवार लागू आवेदन पत्र के अनुरूप ही आवेदन करें।

iii) जिन आवेदन पत्रों के साथ निर्धारित शुल्क (जब तक छूट न दी गई हो) नहीं होगा अथवा जो आवेदन पत्र अपूर्ण/निर्धारित फार्मेट में नहीं होंगे/बिना फोटो/बिना हस्ताक्षर होंगे, उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में बोर्ड द्वारा कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

iv) उम्मीदवार अपने आवेदन-पत्र के साथ शैक्षणिक अर्हता, अनुभव, आयु आदि के संबंध में प्रमाणपत्रों की प्रतियां संलग्न करें। किसी भी स्तर पर यदि यह पाया गया कि आवेदन-पत्र में दी गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत है या बोर्ड के अनुसार उम्मीदवार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता/करती है तो उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है।

v) सभी शैक्षणिक अर्हताएं भारत या विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से प्राप्त की गई हों। यदि अंको के बजाय ग्रेड प्रदान किया गया हो तो उम्मीदवार उनके समकक्ष अंक स्पष्ट रूप से दें।

vi) उम्मीदवारों को आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लेनी चाहिए। बोर्ड अपेक्षित शुल्क (जहां भी लागू हो) के साथ आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर लिखित परीक्षा में प्रवेश दे देगा तथा उनके पात्रता मानदंडों की जाँच केवल अंतिम स्तर अर्थात साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने के समय ही करेगा।

vii) आवेदन पत्र सभी पक्षों से पूर्ण होना चाहिए। अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

viii) ऐसे उम्मीदवार जो पहले से सरकारी/अर्ध-सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों में सेवारत हैं, उन्हें साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करना होगा। भारतीय रिज़र्व बैंक में नियुक्ति से पहले उन्हें नियोक्ता से एक उचित सेवा-मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि आवेदन-पत्र नियोक्ता के माध्यम से भेजा जाना अपेक्षित है और वह बोर्ड के कार्यालय में अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा भले ही आवेदक द्वारा वह नियोक्ता को अंतिम तारीख से पहले प्रस्तुत किया गया हो। ऐसे मामलों में, "अग्रिम प्रति" लिखकर आवेदन पत्र शुल्क के साथ बोर्ड के कार्यालय में सीधे भेज दिया जाए और नियमित प्रति (बिना शुल्क के) नियोक्ता के माध्यम से भेजी जाए।

ix) साक्षात्कार के लिए बुलाये गये उम्मीदवारों को उनके आवास/कार्य के स्थान, जो भी निकट हो, से साक्षात्कार के स्थान तक आने और जाने के लिये लघुतम मार्ग द्वारा प्रथम श्रेणी/II एसी के वास्तविक रेल भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

x) बोर्ड के साथ पत्राचार करते समय प्रवेश-पत्र में दिया गया रोलनंबर अवश्य लिखें।

xi) बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों को अंक-सूची नहीं दी जाती है। तथापि परीक्षा के अंक और साक्षात्कार के अंक, अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद बैंक के वेब साइट पर उपलब्ध होंगे।

xii) यदि पते में कोई परिवर्तन हो तो उसकी सूचना बोर्ड को तत्काल दी जाए। यद्यपि, बोर्ड ऐसे परिवर्तनों को रिकार्ड करने का पूरा प्रयास करेगा, परंतु इस संबंध में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, विशेषरूप से ऐसी स्थिति में जब सूचना प्राप्ति तिथि तथा परीक्षा तिथि में बहुत कम अंतर हो।

xiii) आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए में बुलाए जाने अथवा अन्यथा के संबंध में शीघ्र सूचित किया जाएगा।

xiv) आवेदन करने के लिए अपनी पात्रता के संबंध में सलाह मांगने वाले उम्मीदवारों से प्राप्त पत्रों पर बोर्ड विचार नहीं करेगा।

xv) **किसी भी प्रकार की अनुयाचना उम्मीदवार की अयोग्यता मानी जाएगी।**

xvi) **पात्रता, परीक्षा के आयोजन, साक्षात्कार, मूल्यांकन, रिक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हता मानक निर्धारित करने और परिणामों की सूचना देने से संबंधित सभी मामलों में बोर्ड का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।**

xvii) जहां परीक्षा आयोजित की जा रही है वहां मोबाइल फोन, पेज़र या अन्य कोई संचार उपकरण अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इन अनुदेशों के पालन में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो भविष्य की परीक्षाओं के लिए प्रतिबंध सहित अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

9. आवेदन प्रस्तुत करनाः

i) मीडिया संपर्क निदेशक/मीडिया प्रबंधक के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र संबंधित पद के लिए निर्धारित फार्मेट में **साधारण डाक द्वारा** भेजें। लिफाफे पर आवेदित पद का नाम लिखा होना चाहिए उदा. के लिए 'मीडिया संपर्क निदेशक के पद के लिए आवेदन', जिस भी पद के लिए आवेदन किया गया हो तथा इसे **महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, पोस्ट बैग नं. 4618 मुंबई सेंट्रल डाकघर, मुंबई-400 008** को संबोधित करें।

ii) एक से अधिक पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार अपने आवेदन अलग-अलग लिफाफों में भेजें। दो पदों के लिए एक आवेदन अवैध माना जाएगा।

iii) उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र बंद लिफाफे में भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400 008. में इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से रखे गए ड्राप बक्से में भी डाल सकते हैं।

10. अंतिम तारीखः

i) इन सभी पदों के लिए अंतिम तारीख **11 फरवरी 2010,** अपराह्न 6.00 बजे तक है।

ii) आवेदन पत्र तथा मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल आर्डर उपर्युक्त अंतिम तारीख को अथवा उससे पहले बने/खरीदे होने चाहिए।

iii) तथापि बोर्ड सामान्य क्षेत्रों से साधारण डाक द्वारा दिनांक **15 फरवरी 2010** तक आवेदन प्राप्त करेगा।

iv) विदेश में, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख मंडल, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा जिले के पांगी उप-मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहनेवाले उम्मीदवारों के मामले में बोर्ड साधारण डाक द्वारा दिनांक **18 फरवरी 2010** तक आवेदन प्राप्त करेगा।

डाक के अलावा **अन्य किसी प्रकार से प्राप्त आवेदन-पत्र के मामले में बढ़ाई गई समय-सीमा का लाभ नहीं मिलेगा। आवेदन-पत्र की प्राप्ति में विलंब अथवा डाक में उसके खो जाने के मामले में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

11. आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के लिए जांच-सूची

i) नीचे दिए गए आवेदन-पत्र के फार्मेट का उपयोग आवेदन-पत्र के रूप में नहीं किया जाए।

ii) आवेदन पत्र लागू फार्मेट के अनुरूप ही अच्छी गुणवत्ता वाले **ए4** आकार के कागज पर हिंदी या अंग्रेजी में टाइप किया हुआ अथवा हाथ से साफ-साफ अक्षरों में लिखा हुआ होना चाहिए तथा इस पर नवीनतम हस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाया जाना चाहिए। उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी प्रविष्टियां सही भरी गई हों तथा आवेदन पत्र तथा फोटो पर हस्ताक्षर किए गए हों। ऐसे आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे जिनपर हस्ताक्षर न हो, निर्धारित फार्मेट के अनुरूप न हो/अपूर्ण, फोटो के बिना हो।

iii) चूंकि प्रोसेसिंग का काम कंप्यूटरीकृत है, इसलिए नाम और पता केवल अंग्रेजी के बड़े (कैपिटल) अक्षरों में लिखा जाए।

iv) उम्मीदवारों को अपना नाम और पता डिमांड ड्राफ्ट के दूसरी तरफ और पोस्टल आर्डर में इस उद्देश्य से दिए गए स्थान पर लिखना चाहिए (यदि शुल्क का भुगतान किया जाना है) और इसे आवेदन पत्र में पिन (स्टेपल न करें) की सहायता से संलग्न करें।

v) एक से अधिक पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार अपने आवेदन अलग-अलग लिफाफों में भेजें।

vi) आवेदन-पत्र जिस लिफाफे में भेजा जा रहा है उस पर आवेदित पद का नाम लिखें।

vii) आवेदन पत्र साधारण डाक द्वारा **महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, पोस्ट बैग नं. 4618 मुंबई सेंट्रल डाकघर, मुंबई-400 008** को भेजें। आवेदन पत्र बंद लिफाफे में भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400 008 में इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से रखे गए ड्राप बक्से में भी डाल सकते हैं।

भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

संविदा आधार पर मीडिया संपर्क निदेशक स्तर 5 / मीडिया प्रबंधक स्तर 3 के पद के लिए आवेदन पत्र

विज्ञापन सं. 4A/2009-10

आवेदित पद _____

प्राप्ति सं. [ ]

भुगतान किया गया शुल्क [ ]

(केवल कार्यालयीन उपयोग हेतु)

पासपोर्ट आकार का हस्ताक्षरित नवीनतम फोटो चिपकाएं।

1. पूरा नामः (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)

_____

2. वर्गः
सामान्य के लिए (अना अथवा सामा)/अनुसूचित जाति के लिए (अजा)/अनुसूचित जनजाति के लिए (अजजा)/अन्य पिछड़े वर्ग के लिए (अपिव) लिखें। ('क्रीमी लेयर' के अंतर्गत आने वाले अपिव उम्मीदवारों को अपने वर्ग का उल्लेख (अना अथवा सामान्य) के रूप में करना चाहिए।

3. लिंगः पुरुष के लिए (पु.) तथा स्त्री के लिए (स्त्री) लिखें

4. जन्म तिथिः

दिन [ ][ ] माह [ ][ ] वर्ष [ ][ ][ ][ ]

5. आयु (दि. 01.12.2009 को)

_____वर्ष _____ माह

6. क. शैक्षिक अर्हता (दि. 01/12/2009 को)
पद हेतु विनिर्दिष्ट न्यूनतम अर्हता से प्रारंभ करते हुए)

परीक्षा का नाम (कृपया विवरण दें)	मुख्य विषय	परिणाम की तारीख	विश्वविद्यालय / संस्थान	अंकों का समग्र % (दो दशमलव अंकों तक)	श्रेणी / डिवीजन
स्नातक					
स्नातकोत्तर					
पत्रकारिता आदि में डिग्री / डिप्लोमा					
वेब डिजाइनिंग में प्रमाण पत्र / डिप्लोमा					

ख. उच्चतर शैक्षिक अर्हता (दि. 01/12/2009 को)
(बॉक्स में एमफिल/पी.एचडी./सी.ए./आईसीडब्ल्यूए/एसीएस/केवल आईआईएम से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, लिखें)

ग. कंप्यूटर एप्लीकेशन में अर्हता (पाठ्यक्रम का नाम लिखें)

7 विज्ञापन के संदर्भ में अनुभव (दिनांक 01/12/2009 को) :

नियोक्ता का नाम और पता	पदनाम	कार्य का स्वरूप	अवधि		कुल अवधि	
			से	तक	वर्ष	माह

8. परीक्षा शुल्क का विवरण

अदाता बैंक/डाकघर का नाम	मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल ऑर्डर की संख्या और तारीख	राशि रूपए

9. पत्राचार का पता (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)
(कृपया नाम न दोहराएं)

_____
_____
_____
राज्यः _____ **पिन** _____
ई-मेलः _____
टेलीफोन नं. (एसटीडी कोड के साथ)ः _____ **मोबाइल नं.** _____

मैं एतद् द्वारा यह घोषित करता/करती हूं कि इस आवेदन-पत्र में दिए गए सभी विवरण मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण तथा सही हैं। मैं यह जानता/जानती हूं कि यदि किसी भी समय इस आवेदन-पत्र में उल्लिखित कोई भी सूचना असत्य/गलत पाई गई या यह पाया गया कि बोर्ड के अनुसार मैं पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती हूं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है। मैंने विज्ञापन में उल्लिखित शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और एतद् द्वारा उनके अनुपालन का वचन देता/देती हूं।

स्थान : _____

तारीख : _____

_____
(आवेदक के हस्ताक्षर)

नाम_____

उम्मीदवारों द्वारा नोट किये जाने वाले अति महत्वपूर्ण बिन्दुः (i) आवेदन पत्र पर फोटो चिपकाने सहित उम्मीदवार आवेदन-पत्र को सभी प्रकार से पूरा भरें। (ii) किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा और बोर्ड द्वारा इस मामले में कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा। (iii) आवेदित पद का नाम आवेदन पत्र के शीर्ष पर अवश्य लिखें।